Publication: **Economic Times** | Region : **Delhi** | Date: **13/02/2017** | Page No.: **07**

लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों का नया प्रीमियम 28% बढ़ा

[पीटीआई | नई दिल्ली]

लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों का नया बिजनेस प्रीमियम जनवरी में 27.8 पर्सेंट बढ़कर 13,138.10 करोड़ रुपये रहा। पिछले वर्ष के इसी महीने में यह 10,283.89 करोड़ रुपये था।

इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डिवेलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (इरडा) के आंकड़ों के मुताबिक, देश की सबसे बड़ी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ने 8,724 करोड़ रुपये का योगदान किया, जो जनवरी के दौरान तैयार कुल प्रीमियम का 66.4 फीसदा है। जनवरी 2016 में एलआईसी का नया बिजनेस प्रीमियम 6,720.28 करोड़ रुपये रहा।

इस दौरान कुल 13,138.10 करोड़ रुपये में प्राइवेट सेक्टर की लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों का योगदान 4,413.50 करोड़ रुपये रहा, जो इससे पिछले साल इसी अवधि में 3,563.60 करोड़ रुपये था। प्राइवेट सेक्टर की लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में एसबीआई लाइफ के नए बिजनेस में 62.7 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 1,094.54 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले जनवरी में यह 672.07 करोड़ रुपये रहा था। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ को जनवरी में नए बिजनेस यानी पहले प्रीमियम के तौर पर 775.41 करोड़ रुपये हासिल हुए और यह 25.3 फीसदी ज्यादा रहा। एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ का प्रीमियम 33.7 फीसदी बढ़कर 733.58 करोड़ रुपये रहा। इसी तरह, मैक्स लाइफ का प्रीमियम 2.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 235.48 करोड़ रुपये रहा।

अन्य कंपनियों में बजाज आलियांज लाइफ प्रीमियम का आंकड़ा 305.99 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के इसी पीरियड में 265.60 करोड़ रुपये था। इसी तरह, रिलायंस निप्पॉन लाइफ का प्रीमियम 85.90 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल के इसी पीरियड में 79.92 करोड़ रुपये था। टाटा अवीवा लाइफ के मामले में यह आंकड़ा 105.51 करोड़ रुपये रहा, पहले 67.66 करोड़ था।